भारत सरकार
खान मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. †548
दिनांक 22.07.2026 को उत्तर देने के लिए

एस एंड टी-प्रिज्म पहल

†548. श्री बी. के. पार्थसारथीः

क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 'स्टार्ट-अप्स और एमएसएमई में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा' (एसएंडटी-प्रिज्म) पहल के अंतर्गत इसके प्रारंभ से लेकर अब तक आवेदन करने वाले और चुने गए स्टार्ट-अपों तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की राज्य-वार और वर्ष-वार संख्या कितनी है;
(ख) ऐसी चयनित संस्थाओं को स्वीकृत, जारी और संवितरित की गई वित्तीय सहायता का राज्य-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) दुर्लभ मृदा पदार्थों के प्रसंस्करण और उनकी पुनर्प्राप्ति के लिए सहायता प्राप्त पायलट-स्केल और आरएंडडी-स्केल की सुविधाओं का स्थानों, कार्यान्वयन एजेंसियों और उनके संचालन की वर्तमान स्थिति सहित ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या इन सहायता-प्राप्त पायलट परियोजनाओं के माध्यम से दुर्लभ मृदा खनिजों की सफल पुनर्प्राप्ति शुरू या हासिल की जा चुकी है;
(ङ) यदि हाँ, तो पुनर्प्राप्त किए गए खनिजों के प्रकार और मात्रा सहित राज्य-वार और परियोजना-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(च) उक्त पायलट परियोजनाओं से प्राप्त प्रौद्योगिकीय परिणामों, वाणिज्यिक तत्परता और विस्तार योजनाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कोयला और खान राज्य मंत्री
(श्री सतीश चंद्र दुबे)

(क): खान मंत्रालय के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी कार्यक्रम (एस एंड टी) के एस एंड टी–प्रिज्म (स्टार्ट-अप्स और एमएसएमई में अनुसंधान एवं नवाचार को प्रोत्साहन) घटक के अंतर्गत प्रारम्भ से ही स्टार्ट-अप्स और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) से प्राप्त 394 आवेदनों में से 40 परियोजनाओं को योग्यता के आधार पर वित्तीय सहायता के लिए चुना गया है। एस एंड टी–प्रिज्म घटक के अंतर्गत प्राप्त तथा चयनित आवेदनों का राज्य-वार एवं वर्ष-वार विवरण अनुलग्नक-I में दिया गया है।

(ख): ऐसी चयनित संस्थाओं को 52.13 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता स्वीकृत की गई है तथा 23.83 करोड़ रुपये की राशि जारी की जा चुकी है। स्वीकृत तथा जारी/वितरित की गई वित्तीय सहायता का राज्य-वार एवं वर्ष-वार विवरण अनुलग्नक-II में दिया गया है।

(ग) से (च): दुर्लभ मृदा पदार्थों जिसमें उनका स्थान, कार्यान्वयन एजेंसियाँ तथा वर्तमान स्थिति सम्मिलित हैं, के प्रसंस्करण एवं पुनर्प्राप्ति को सहायता प्रदान करने के लिए चार पायलट-स्तरीय तथा आर एंड डी स्तर की परियोजनाओं का विवरण, अनुलग्नक-III में दिया गया है।

मैसर्स अश्विनी रेयर अर्थ प्राइवेट लिमिटेड, पुणे, महाराष्ट्र द्वारा नियोडिमियम-प्रेसियोडिमियम (Nd-Pr) धातु के उत्पादन हेतु एक पायलट परियोजना सफलतापूर्वक पूर्ण की गई है। इस परियोजना में लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी रेडीनेस लेवल (टीआरएल-4) से टीआरएल-7 तक उन्नयन करते हुए कैल्सियोथर्मिक रिडक्शन रूट के माध्यम से Nd-Pr ऑक्साइड से Nd-Pr धातु के उत्पादन का प्रदर्शन किया गया तथा लगभग 100 किलोग्राम Nd-Pr धातु की पुनर्प्राप्ति की गई। लगभग 36 टन प्रति वर्ष Nd-Pr धातु क्षमता के स्थापित पायलट प्लांट को चालू किया गया है।

एक अन्य पूर्ण परियोजना में मैसर्स इनोक्यूल मैटेरियल्स एंड एडिटिव्स प्राइवेट लिमिटेड, भुवनेश्वर, ओडिशा ने रेड मड से स्कैंडियम ऑक्साइड की पुनर्प्राप्ति के लिए संपूर्ण प्रोसेस फ्लो का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया है, इस परियोजना के अंतर्गत लेबोरेटरी-स्केल (टीआरएल-4) से टीआरएल-6 तक उन्नयन करते हुए प्रतिदिन 2 टन रेड मड के प्रसंस्करण में सक्षम एक इंटीग्रेटेड पायलट प्लांट स्थापित किया गया। पायलट-स्तरीय ऑपरेशनों के माध्यम से इस प्लांट ने लगभग 250 ग्राम स्कैंडियम ऑक्साइड (Sc_2O_3) का उत्पादन किया गया है।

*****

अनुलग्नक-I

'एस एंड टी-प्रिज्म' के संबंध में दिनांक 22.07.2026 को लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 548 के भाग (क) के संबंध में संदर्भित अनुलग्नक-I

तालिका: एस एंड टी-प्रिज्म घटक के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों तथा चयनित परियोजनाओं का राज्य-वार एवं वर्ष-वार विवरण

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2023		2024		2025		2026	
	आवेदित	चयनित	आवेदित	चयनित	आवेदित	चयनित	आवेदित	चयनित
आंध्र प्रदेश	2	-	3	-	-	-	1	-
अरुणाचल प्रदेश	1	-	-	-	-	-	-	-
असम	1	-	2	-	-	-	-	-
बिहार	-	-	2	-	-	-	1	-
छत्तीसगढ	1	-	4	-	1	-	2	-
दिल्ली	-	-	13	1	2	-	3	-
गुजरात	1	-	11	1	1	-	7	-
हरियाणा	1	-	6	-	3	1	6	1
जम्मू और कश्मीर	-	-	1	-	-	-	-	-
झारखंड	2	-	8	-	-	-	1	-
कर्नाटक	5	-	19	2	11	1	8	-
केरल	-	-	2	-	-	-	2	-
मध्य प्रदेश	2	-	3	1	2	-	3	-
महाराष्ट्र	5	1	49	7	15	2	19	3
मणिपुर	-	-	1	-	-	-	-	-
मेघालय	3	1	2	1	-	-	-	-
ओडिशा	9	2	18	5	1	-	6	2
पुदुचेरी	-	-	-	-	1	-	-	-
पंजाब	-	-	4	-	-	-	-	-
राजस्थान	-	-	7	-	3	-	4	-
तमिलनाडु	18	-	20	2	5	1	8	-
तेलंगाना	3	-	11	1	3	1	3	1
त्रिपुरा	-	-	-	-	2	-	1	-
उत्तर प्रदेश	1	1	5	-	2	-	2	-
उत्तराखंड	-	-	4	-	-	-	1	1
पश्चिम बंगाल	1	-	6	-	4	-	3	-
कुल योग	**56**	**5**	**201**	**21**	**56**	**6**	**81**	**8**

अनुलग्नक-II

'एस एंड टी-प्रिज्म' के संबंध में दिनांक 22.07.2026 को लोक सभा में पूछे गए अतारांकित प्रश्न सं. 548 के उत्तर के भाग (ख) में संदर्भित अनुलग्नक-II

तालिका : चयनित स्टार्ट-अप्स तथा एमएसएमई के लिए स्वीकृत वित्तीय सहायता तथा जारी/संवितरित राशि का राज्य-वार एवं वर्ष-वार विवरण।

(लाख रुपये में)

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	**कुल स्वीकृत अनुदान**	**जारी/संवितरित राशि**		
		2024	**2025**	**2026**
महाराष्ट्र	1527.4	207.66	265.728	39.80
ओडिशा	1185.92	257.3	151.92	583.14
उत्तर प्रदेश	116.52	46.6	46.6	-
मेघालय	120	48	48	-
तमिलनाडु	347.6	15	120.74	39.12
कर्नाटक	607.25	80	242.9	30
नई दिल्ली	296	118.4	62.4	-
तेलंगाना	348.45	-	139.38	29.69
गुजरात	120	-	72	24
हरियाणा	269	-	43.6	-
मध्य प्रदेश	99.75	-	59.85	19.95
उत्तराखंड	175	-	-	-
कुल योग	**5212.89**	**689.58**	**1358.50**	**334.48**

अनुलग्नक-III

'एस एंड टी-प्रिज्म' के संबंध में दिनांक 22.07.2026 को लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 548 के भाग (ग) में संदर्भित अनुलग्नक-III

तालिका : दुर्लभ मृदा पदार्थों के प्रसंस्करण एवं पुनर्प्राप्ति हेतु परियोजनाओं के स्थानों, कार्यान्वयन एजेंसियों तथा वर्तमान स्थिति का विवरण

क्र. सं.	परियोजना का शीर्षक	सुविधाओं का विवरण	कार्यान्वयन एजेंसी एवं स्थान	वर्तमान स्थिति
1	NdFeB आधारित स्थायी चुंबक अनुप्रयोग हेतु कैल्शियो-थर्मिक अपचयन विधि द्वारा नियोडिमियम-प्रेसिओडिमियम ऑक्साइड (Nd-Pr ऑक्साइड) से नियोडिमियम-प्रेसिओडिमियम (Nd-Pr) धातु निष्कर्षण के लिए पायलट संयंत्र (TRL-7) की स्थापना	36 टन प्रति वर्ष की स्थापित क्षमता पर कैल्शियो-थर्मिक/मेटालोथर्मिक अपचयन विधि से NdPr धातु (≥ 99.8% शुद्धता) का उत्पादन	अश्विनी रेयर अर्थ प्रा. लि., पुणे, महाराष्ट्र	पूर्ण
2	एससीआईएन: रेड मड से स्कैंडियम ऑक्साइड निष्कर्षण की प्रक्रिया	प्रतिदिन 2 टन रेड मड के प्रसंस्करण हेतु पायलट उत्पादन की सुविधा	इनोक्यूल मैटेरियल्स एंड एडिटिव्स प्रा. लि., भुवनेश्वर, ओडिशा	पूर्ण
3	गलित लवण विद्युत-अपघटन प्रौद्योगिकी के माध्यम से NdPr धातु का उत्पादन	2 किलोग्राम प्रति बैच NdPr धातु उत्पादन की स्थापित क्षमता पर गलित लवण विद्युत-अपघटन विधि द्वारा NdPr धातु (≥ 99.9% शुद्धता) का उत्पादन	पीजी टेक प्रा. लि., इंदौर, मध्य प्रदेश	माइलस्टोन के अनुसार प्रगति
4	सामरिक एवं दुर्लभ मृदा धातु पुनर्प्राप्ति हेतु विलायक निष्कर्षक तथा आयन-विनिमय रेजिन रसायन	विलायक निष्कर्षण एवं आयन-विनिमय विधि से दुर्लभ मृदा खनिजों की पुनर्प्राप्ति के लिए स्वामित्वाधीन प्रक्रियाओं पर आधारित विलायक निष्कर्षकों एवं आयन-विनिमय रेजिनों के विनिर्माण हेतु स्केलेबल प्रक्रिया/सुविधा	पॉलीप्रोटिक केमिकल्स प्रा.लि., वडोदरा, गुजरात	माइलस्टोन के अनुसार प्रगति